## खबर संक्षेप

### सावधान श्रद्धालु! मैहर रोपवे 10 दिनों के लिए बंद, नवरात्रि से पहले होगा मेंटेनेंस




**मैहर।** चैत्र नवरात्रि के भारी रश से पहले मां शारदा प्रबंध समिति ने रोपवे को लेकर बड़ा निर्णय लिया है। विश्व प्रसिद्ध शक्तिपीठ का रोपवे 5 मार्च से 14मार्च तक बंद रहेगा। एसडीएम दिव्या पटेल ने बताया कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा सर्वोपरि है,इसलिए 10 दिनों तक तकनीकी बारीकियों की जांच और मरम्मत कार्य किया जाएगा। खास बात यह है कि संचालन शुरू करने से पहले एनडीआरएफ की टीम सुरक्षा मानकों का निरीक्षण करेगी। 15 मार्च से सेवाएं पुनः बहाल होंगी। इस अवधि में भक्तों को मंदिर पहुंचने के लिए सीढ़ियों का मार्ग (1000+सीढ़ियां) अपनाना होगा।

### सोशल मीडिया पर खबर वायरल होते ही जागा प्रशासन, नाले में फंसी गाय का सफल रेस्क्यू



**मैहर।** देवी रोड स्थित हनुमान टोला में बीते दो दिनों से खुले नाले में फंसी एक गाय को आखिरकार सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। मामला सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद नगर पालिका सीएमओ प्रिंस अग्रवाल ने तुरंत संज्ञान लिया। सीएमओ के निर्देश पर पहुंची नगर पालिका की टीम ने स्थानीय युवाओं (कृष्णा सिंह बघेल, जलील खान व अन्य) की मदद से रस्सी के सहारे कड़ी मशक्कत के बाद गाय का रेस्क्यू किया। स्थानीय नागरिकों ने इस त्वरित कार्रवाई की प्रशंसा की है,साथ ही भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए खुले नालों को ढंकने की पुरजोर मांग भी की है।

### भोला प्रसाद रजक बने मध्य प्रदेश युवा संगठन के प्रदेश महामंत्री

**मैहर।** अखिल भारतीय रजक महासंघ ने संगठन विस्तार की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए भोला प्रसाद रजक को मध्य प्रदेश युवा संगठन का प्रदेश महामंत्री नियुक्त किया है। इस नियुक्ति से समाज के युवाओं और पदाधिकारियों में भारी उत्साह देखा जा रहा है। भोला प्रसाद की कार्यकुशलता और समाज सेवा के प्रति उनके जज्बे को देखते हुए संगठन ने उन्हें यह बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है। नवनियुक्त महामंत्री ने कहा कि वे रजक समाज के उत्थान,युवाओं को एकजुट करने और सामाजिक कुरीतियों को मिटाने के लिए पूरी निष्ठा से काम करेंगे।

### मैहर पुलिस ने हर्षोल्लास के साथ मनाया होली मिलन समारोह



**मैहर।** शहर में सुरक्षित और शांतिपूर्ण ढंग से होली संपन्न कराने के बाद,मैहर पुलिस ने रक्षित केंद्र (पुलिस लाइन) में 'होली मिलन समारोह' का आयोजन किया। दिन-रात ड्यूटी पर तैनात रहने वाले पुलिसकर्मियों ने इस दौरान आपसी भाईचारे के साथ अबीर-गुलाल उड़ाया। सुबह 9:30 बजे शुरू हुए इस कार्यक्रम में डीजे की धुन पर पुलिस जवान जमकर थिरके। एसपी अवधेश प्रताप सिंह,एएसपी डॉ.चंचल नागर और सीएसपी महेंद्रसिंह चौहान सहित जिले के आला अधिकारियों ने एक-दूसरे को रंग लगाकर पर्व की बधाई दी।

# नागौद में खूनी प्रतिशोधः दो थप्पड़ का बदला 5 गोलियों से लिया, किसान की हत्या, बेटा गंभीर घायल

**सतना। जिले के नागौद थाना क्षेत्र के बारापत्थर गांव में गुरुवार शाम प्रतिशोध की एक रोंगटे खड़े कर देने वाली वारदात सामने आई है।एक कुख्यात हिस्ट्रीशीटर ने अपने भाई को मारे गए दो थप्पड़ों का बदला लेने के लिए एक किसान की सरेआम गोलियों से भूनकर हत्या कर दी और उसके बेटे को भी जान से मारने की कोशिश की।**

### विवाद की जड़ः मामूली कहासुनी और दो थप्पड़

वारदात की पटकथा बुधवार शाम को ही लिख दी गई थी।जानकारी के मुताबिक,हिस्ट्रीशीटर चंदन यादव का छोटा भाई शरद यादव गांव के लोगों के साथ गाली-गलौज कर रहा था। गांव के ही अभय उर्फ बब्लू यादव 50 वर्ष ने उसे टोकते हुए फटकार लगाई और दो थप्पड़ जड़ दिए। शरद ने इस 'अपमान' की जानकारी तुरंत अपने भाई चंदन को दी,जिसके बाद चंदन ने खून का बदला खून से लेने की साजिश रच डाली।



### छत पर टहल रहे किसान पर बरसाईं गोलियां

गुरुवार रात करीब 9:30 बजे हिस्ट्रीशीटर चंदन यादव अपने पांच साथियों के साथ बारापत्थर गांव पहुंचा। उस समय अभय यादव अपने घर की छत पर टहल रहे थे। आरोपियों ने उन पर ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। अभय को कुल 5 गोलियां लगीं (दो पीठ में,एक पेट,एक गर्दन और एक पसली में), जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई।

### बेटे पर हमला, परिवार को धमकी

पिता की हत्या करने के बाद भी हमलावरों का खून ठंडा नहीं हुआ। आरोपी वहां से एक किलोमीटर दूर अभय के बेटे राणा यादव 25 वर्ष की किराना दुकान पर पहुंचे और उस पर कई राउंड फायर किए। जान बचाने के लिए भागे राणा के पैर में दो गोलियां लगीं,जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। वारदात के बाद चंदन ने मृतक के छोटे बेटे को फोन कर पूरे परिवार को खत्म करने की धमकी भी दी। मुख्य आरोपी चंदन यादव पहले से ही कई गंभीर मामलों में नामजद है। वह दिसंबर 2025 में पैरोल पर जेल से बाहर आया था,लेकिन अवधि खत्म होने के बाद वापस नहीं लौटा और तब से फरार चल रहा था।

### वर्तमान स्थिति और पुलिस कार्रवाई

राणा यादव का इलाज फिलहाल सतना के एक निजी अस्पताल में चल रहा है। गांव में स्थिति की गंभीरता को देखते हुए भारी पुलिसबल तैनात



किया गया है।नागौद पुलिस और आसपास के थानों की टीमें फरार चंदन यादव और उसके साथियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दे रही हैं। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार,मृतक अभय यादव का भी आपराधिक इतिहास रहा है और उन पर हत्या सहित कई मामले दर्ज थे। फिलहाल पुलिस इस दोहरे हमले की कडियों को जोड़कर आरोपियों की घेराबंदी कर रही है।

# महानिदेशक वरुण कपूर ने केंद्रीय जेल में तीन नई बैरकों का किया उद्घाटन

**सतना।** जेल विभाग के महानिदेशक डॉ.वरुण कपूर ने शुक्रवार को केंद्रीय जेल सतना का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने जेल परिसर में नवनिर्मित तीन आधुनिक बैरकों का लोकार्पण किया। डीजी कपूर ने जेल की सुरक्षा व्यवस्था,बंदियों के लिए उपलब्ध सुविधाओं और सुधारात्मक कार्यों का जायजा लेते हुए जेल प्रशासन को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

व्यवस्थाओं का निरीक्षण और नए निर्माण

निरीक्षण के दौरान डॉ.कपूर ने जेल के विभिन्न वार्डों का भ्रमण किया। उन्होंने विशेष रूप से महिला वार्ड और जेल अस्पताल का अवलोकन किया।

### निर्माण कार्यों का उद्घाटन किया

महिला बंदियों के लिए नई बैरक का उद्घाटन। अस्पताल परिसर में नवनिर्मित बैरक।जेल के नवीन खंड में तैयार की गई नई बैरक। सेक्टर-1 में बंदियों को संबोधित करते हुए डीजी डॉ.वरुण कपूर ने कहा कि नई बैरकों के निर्माण से जेल में ओवरक्राउडिंग (भीड़भाड़) की समस्या काफी हद तक कम होगी। उन्होंने सभी जेलों में बंदियों के लिए आरओ सिस्टम लगाए जाएंगे ताकि उन्हें शुद्ध पीने का पानी मिल सके। आजीवन कारावास की सजा काट रहे ऐसे बंदी जिनका आचरण अच्छा है,उन्हें एकमाह की विशेष माफी दी जाएगी। इस अवसर पर जेल और जिला प्रशासन के जेल डीआईजी अखिलेश तोमर कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस.,पुलिस अधीक्षक हंसराज सिंह,जेल अधीक्षक लीना कोष्टा, जेलर श्रीकांत त्रिपाठी और सोनवीर सिंह कुशवाहा,जेल डॉक्टर अंशुमान शर्मा और अन्य सहायक अधीक्षक व कर्मचारी उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में अधिकारियों ने जेल परिसर में चल रहे अन्य विकास कार्यों और सुरक्षा मानकों को और कड़ा करने पर विस्तृत चर्चा की।



# सरकारी अस्पताल में 'यमदूत' सक्रियः रात होते ही मरीजों का सौदा कर रहे निजी एम्बुलेंस के दलाल



**सतना।** यहां के सरदार वल्लभ भाई पटेल जिला अस्पताल की स्वास्थ्य व्यवस्था एक बार फिर सवालों के घेरे में है। जैसे ही सूरज ढलता है,अस्पताल परिसर में सेवादारों के भेष में 'सफेदपोश दलाल' सक्रिय हो जाते हैं। इनका काम मरीजों की जान बचाना नहीं,बल्कि उनकी मजबूरी का सौदा कर उन्हें निजी अस्पतालों की चौखट तक घसीटना है। हाल ही में सामने आए एक वीडियो ने जिला प्रशासन और अस्पताल प्रबंधन की नींद उड़ा दी है,जिसमें सरेआम दलाल एक मरीज को गुमराह कर निजी अस्पताल ले जाते दिख रहे हैं।

### यहां डॉक्टर नहीं मिलेंगे...— खौफ का कारोबार

इन दलालों की कार्यशैली बेहद शातिर है। रात 10 बजे के बाद,जब जिला अस्पताल में प्रशासनिक निगरानी कम होती है,ये दलाल सक्रिय हो जाते हैं। दूर-दराज से आए डरे हुए परिजनों को ये दलाल एक ही मंत्र पढ़ाते हैं-प्राइवेट हॉस्पिटल ले चलो,यहां रात में इलाज नहीं मिलेगा,डॉक्टर सो रहे हैं। सरकारी तंत्र पर से आम आदमी का भरोसा डगमगाने का फायदा उठाकर ये दलाल अपनी निजी एम्बुलेंस में मरीजों को लादते हैं और सीधे भरहुत नगर स्थित एक हॉस्पिटल जैसे निजी केंद्रों पर पहुंचा देते हैं। गुरुवार रात का वीडियो इसी काले खेल की जीती-जागती तस्वीर है।

### कमीशन का खेल और बेबस तीमारदार

सूत्रों की मानें तो प्रत्येक मरीज को निजी अस्पताल पहुंचाने के एवज में इन एम्बुलेंस चालकों और दलालों को मोटा कमीशन मिलता है। जिला अस्पताल की सुरक्षा में तैनात गार्ड और कर्मचारियों की भूमिका भी संदेह के घेरे में है। आखिर कैसे बाहरी दलाल वार्डों तक पहुंचकर मरीजों को बरगलाने में कामयाब हो जाते हैं? क्या इन्हें प्रबंधन का मूक समर्थन प्राप्त है?

### प्रशासनिक मौन पर उठते सवाल

यह कोई पहली बार नहीं है जब जिला अस्पताल में दलालों का बोलबाला दिखा हो। पहले भी ऐसी शिकायतें आई हैं,लेकिन कार्रवाई के नाम पर केवल खानापूर्ति की गई।वीडियो वायरल होने के बाद अब जनता पूछ रही है कि क्या जिला अस्पताल रात में सचमुच लावारिस हो जाता है? सीसीटीवी कैमरों और सुरक्षाकर्मियों के बावजूद ये दलाल बेखौफ कैसे हैं? क्या उन निजी अस्पतालों पर कार्रवाई होगी जो इन दलालों के जरिए 'मरीजों की तस्करी' कर रहे हैं? जिला अस्पताल गरीबों की आखिरी उम्मीद होता है, लेकिन अगर वहां से मरीजों को डराकर निजी अस्पतालों में लूटा जाएगा,तो यह सिस्टम की सबसे बड़ी विफलता है।

# कलेक्टर बंगले मे होली खेल, बच्चों के चेहरों पर बिखरे खुशियों के रंग

### बच्चों संग होली मिलन ''बाल रंग 2026'' का पांचवां आयोजन

**सतना।** कलेक्टर बंगले में शुक्रवार की सुबह कोरोना काल में अपने माता-पिता को खो चुके बच्चों के लिए खुशियों के नए रंग लेकर आई। कलेक्टर सपरिवार जिले भर के इन बच्चो के मेजबान बने और अपने निवास में इन बाल मेहमानो की खूब आव-भगत की। कलेक्टर सतना डॉ.सतीश कुमार एस के साथ उनके विशेष रूप से बाल सुलभ साज-सज्जा युक्त कलेक्टर बंगले मे जिले भर से आये बच्चों ने आत्मीयता पूर्वक होली मनाई,रंग-गुलाल के साथ मस्ती की। बच्चों ने फिसल पट्टी,झूले,विभिन्न प्रकार के व्यंजनों और डीजे में डांस का मजा लिया। बच्चे जब वापस लौटे तो उनके हाथों में गिफ्ट और चेहरों पर खुशी भरी मनमोहक मुस्कान नजर आई। उल्लेखनीय है कि जिला प्रशासन एवं कलेक्टर डॉ.सतीश कुमार एस की विशेष पहल पर शुक्रवार को कलेक्टर बंगले में महिला बाल विकास द्वारा वात्सल्य उत्सव एवं बाल रंग 2026 होली मिलन का पांचवां आयोजन किया गया था। यह आयोजन कोरोना काल में अपने माता-पिता को खो चुके बच्चों एवं जिले भर के मातृ-पितृ विहीन बच्चों के लिये खुशियां बांटने का था। कलेक्टर निवास पर आयोजित बाल रंग 2026 के कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक हंसराज सिंह, आयुक्त नगर निगम शेर सिंह मीना,सीईओ जिला पंचायत शैलेंद्र सिंह,एसडीएम अनिकेत शांडिल्य, महिला बाल विकास के जिला कार्यक्रम अधिकारी राजीव सिंह,सहायक संचालक श्याम किशोर द्विवेदी, सीडीपीओ इंद्र भूषण तिवारी,पुनीत शर्मा,अरुणेश तिवारी,अभय द्विवेदी और उनकी टीम,बाल कल्याण समिति अध्यक्ष श्रीमती चन्द्र किरण श्रीवास्तव,सदस्य श्रीमती अंजना तिवारी,श्रीमती मंजूषा शाह,कामता प्रसाद पाण्डेय,मातृछाया की टीम भी बच्चों को खुशियां बांटने में सहभागी बनी।

### बच्चों को गिफ्ट पैकेट उपहार स्वरुप भेंट किये

कलेक्टर बंगले में वात्सल्य उत्सव एवं बालरंग 2026 होली मिलन के पांचवे आयोजन में जिलेभर से आये बच्चों ने कलेक्टर डॉ.सतीष कुमार एस और उनकी पत्नी श्रीमती नमामि के साथ आत्मीयता के साथ गुलाल और फूलों की होली खेली। महिला बाल विकास के आयोजन में होली मिलन में आये बच्चों को कलेक्टर दंपत्ति ने अपनेपन का अहसास दिलाते हुये होली की खुशियां बांटी।बच्चों ने कलेक्टर बंगले में उनके लिये लगाये गये झूलों,फिसलपट्टी सहित अनेक खेल संसाधनों का उपयोगकर खूब धमा-चौकड़ी मचाई।कार्यक्रम के समापन पर कलेक्टर दंपत्ति ने बच्चों को गिफ्ट पैकेट उपहार स्वरुप भेंट किये। कलेक्टर डॉ.सतीश कुमार एस ने कहा कि जिले के ऐसे बच्चों के बीच पहुंचकर जो खुशियां मिलती हैं उसे शब्दो में बयां नहीं किया जा सकता है,केवल सुखद अहसास किया जा सकता है। इन बच्चों के लिये मां-बाप का प्यार तो नहीं दे सकते,लेकिन उन्हें यह अहसास करा सकते हैं वह सब अकेले नहीं है। हम सब उनके साथ हैं।

# मैहर पुलिस ने दो अलग-अलग कार्रवाई में 4 नशा तस्करों को दबोचा

**मैहर।** नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ मैहर पुलिस ने बड़ी स्ट्राइक की है। पुलिस महानिरीक्षक रीवा जोन के निर्देशन में चलाए जा रहे 'ऑपरेशन प्रहार 2.0' के तहत दो दिनों में 49 शीशी प्रतिबंधित कफ सिरप जब्त की गई है। पहली कार्रवाईः कटनी-मैहर बायपास रेलवे ब्रिज के पास से यश पटेल और संयम तिवारी को अपाचे बाइक और 20 शीशी सिरप के साथ पकड़ा गया। दूसरी कार्रवाईः डीएनडी होटल ब्रिज के पास से विलाल खान और राजकुमार चौरसिया को 29 शीशी सिरप के साथ गिरफ्तार किया गया। थाना प्रभारी अनिमेष द्विवेदी ने बताया कि चारों आरोपियों के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उन्हें जेल भेज दिया गया है।



# सतना की बेटी भूमिका जैन ने यूपीएससी में लहराया परचम, हासिल की 331 वीं रैंक



### तीसरे प्रयास में मिली बड़ी सफलता; भारतीय राजस्व सेवा (IRS) के लिए हुआ चयन

**सतना।** संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) 2025 के परिणाम घोषित होते ही सतना जिले में खुशी की लहर दौड़ गई है। शहर के कृष्णानगर निवासी भूमिका जैन ने सिविल सेवा परीक्षा में 331वीं रैंक हासिल कर जिले का मान बढ़ाया है। इस शानदार उपलब्धि के साथ भूमिका का चयन भारतीय राजस्व सेवा (IRS) के लिए हुआ है।

### व्यवसायी परिवार में खुशी का माहौल

भूमिका सतना के प्रतिष्ठित कपड़ा व्यवसायी मनोज जैन और सृष्टि जैन की सुपुत्री हैं। जैसे ही उनकी सफलता की खबर मिली,उनके निवास पर बधाई देने वालों का तांता लग गया।परिवार ने मिठाई खिलाकर अपनी बेटी की कामयाबी का जश्न मनाया। माता-पिता ने बताया कि



भूमिका बचपन से ही मेधावी रही हैं और उनका सपना शुरू से ही प्रशासनिक सेवा में जाने का था।

**3 साल का दिल्ली में संघर्ष और सेल्फ स्टडी पर भरोसाः** भूमिका ने बताया कि यह उनकी कड़ी मेहनत का तीसरा प्रयास था। अपनी तैयारी को धार देने के लिए उन्होंने तीन साल दिल्ली में रहकर कड़ा संघर्ष किया। भूमिका के मुताबिक शुरुआत में बेसिक समझ विकसित करने के लिए मैंने कोचिंग ली थी,लेकिन उसके बाद मेरा पूरा ध्यान सेल्फ स्टडी पर ही रहा। मुझे विश्वास था कि खुद के बनाए नोट्स और निरंतरता ही सफलता की कुंजी है।

**सफलता का मंत्रः** 'सीमित किताबें, बार-बार रिवीजन' अपनी रणनीति साझा करते हुए भूमिका ने भविष्य के उम्मीदवारों को सफलता के मूल मंत्र दिए। वे रोजाना औसतन 9 से 12 घंटे पूरी एकाग्रता के साथ पढ़ती थीं। उन्होंने किसी बाहरी सामग्री के बजाय खुद के तैयार किए हुए नोट्स पर भरोसा किया और उन्हीं का बार-बार रिवीजन किया। ज्यादा से ज्यादा क्वेश्चन पेपर हल करना और मॉक टेस्ट देना उनकी दिनचर्या का अनिवार्य हिस्सा था। भूमिका के अनुसार,दस अलग-अलग किताबें पढ़ने के बजाय,एक ही मानक पुस्तक को पूरे मन से और गहराई से पढ़ना ज्यादा फायदेमंद होता है।

## खबर संक्षेप



### जहरीला पदार्थ निगलने से महिला की हालत बिगडी, उपचार जारी

**अमानगंज।** अमानगंज पुलिस थाना क्षेत्र के ग्राम भटवा में आज एक वाईस वर्षीय महिला ने अज्ञात कारणों के चलते जहरीला पदार्थ निगल लिया जिससे उसकी हालत बिगड़ गई उसे गंभीर हालत में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमानगंज दाखिल कराया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी हालत में सुधार हुआ और चिकित्सक ने उसका इलाज जारी रखा घटना में घायल महिला का नाम श्रीमती गीता पति भूपेंद्र चौधरी उम्र 22 बर्स बताया गया। चिकित्सक के अनुसार उसकी हालत में देर शाम तक पूरी तरह सुधार होगा।

### ढोरोंहा ग्राम में वृद्ध महिला ने घर में लगाई फांसी, क्षेत्र में फैली सनसनी

**अमानगंज।** थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम ढोरोंहा में अज्ञात कारणों के चलते एक 70 वर्षीय वृद्ध महिला द्वारा अपने ही घर में फांसी लगाकर आत्महत्या किए जाने का मामला सामने आया है। घटना के बाद गांव में शोक और सनसनी का माहौल बन गया। जानकारी के अनुसार ग्राम ढोरोंहा निवासी गोरी बाई पति स्वर्गीय गजइंया पटेल (70 वर्ष) ने अपने घर के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जब परिजनों को घटना की जानकारी लगी तो घर में हड़कंप मच गया। घटना की सूचना मृतका के बेटे गोपाल पटेल द्वारा अमानगंज थाना पहुंचकर पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई करते हुए पंचनामा तैयार किया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। फिलहाल महिला द्वारा यह कदम उठाए जाने के कारणों का पता नहीं चल पाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। ग्रामीणों के अनुसार मृतका लंबे समय से गांव में रह रही थीं। अचानक हुई इस घटना से पूरे क्षेत्र में शोक का माहौल बना हुआ है।

### सिद्ध क्षेत्र सिद्धबाबा के स्थल में ग्रामीणों की मंशा हुई पूर्ण

# युवाओं की सोच बुजुर्गों के आशीर्वाद से सामुदायिक धर्मशाला में पड़ी छत



**जिले में बिरले ही स्थान सायद ऐसे होगें जहां कि सिद्धता प्राचीन समय से कायम हो। जैसा नाम वैसा क्षेत्र स्वमेव साक्षी जिले की अजयगढ़ तहसील अंतर्गत ग्राम फरस्वाहा में सिद्धबाबा के नाम से प्रख्यात प्राचीन समय से यह स्थल जैसा जाना जाता था अपनी सिद्धता को लेकर वह आज भी कायम है। ग्रामीणों की मंषा युवाओं का हौसला बुजुर्गों के आर्षीवाद से सबने मिलकर एक धर्मषाला के निर्माण को लेकर ठाना जिसमें मिली सफलता संघे शक्ति कलयुगे दिखा परिणाम पड़ी छत धर्मषाला में सबने मिलकर खुषियों का इजहार किया। युवा शक्ति जब जागती है तो इस तरह की सफलता स्वयं ही परिणाम के रूप में परिणित होती है।**



**पन्ना।** संगठन में शक्ति को लेकर यह नारा या वाक्य स्वयं ही सफलता की दिषा को लेकर जाना जाता है। वहीं जब सिद्धता के देवता सिद्धनाथ की कृपा हो तो फिर सफलता मिलना तो लाजमी था। लेकिन बुजुर्गों का आर्षीवाद युवाओं की सोच तथा संगठन शक्ति जब एक साथ मिलकर किसी कार्य को ठानती है तो परिणाम पूर्णता को लेकर दिषा तय करती है। उदाहरण को लेकर जिले के अजयगढ़ तहसील अंतर्गत ग्राम फरस्वाहा में प्राचीन सिद्ध स्थल के नाम से सिद्धनाथ का स्थान जहां एक धर्मषाला के निर्माण को लेकर युवाओं ने स्वयं से आगे आकर ठाना वहीं बुजुर्गों का आर्षीवाद भी मिला। गांव की आम जनता का सहयोग भी समर्पण की भावना से जाना गया। वहीं धर्मषाला के निर्माण में निष्चितौर पर आस्था व धर्म के प्रेमी जो लोग होते है उसमें स्वयंमेव ही जुड़ जाते है। तभी तो धर्म की ध्वजा आकाष तक फहराती है। वहीं सिद्धता का परिणाम इसी में जाना जाता है। एक बड़े धर्मषाला का निर्माण जो महज लगभग दो माह में ही नीव से लेकर छत के मुकाम तक पहुंची थी। विगत दिवस उसमें छत भी पड़ गईं खुषियां दुगनी हो गई। क्योंकि युवाओं ने जो ठाना था वहीं भगवान सिद्धनाथ की कृपा से आज सफलता का मुकाम उंचाई के षिखर पर छत पड़ने से जाना गया। यहां यह साबित हुआ कि गांव में अगर युवाओं की शक्ति और बुजुर्गों का आर्षीवाद एक साथ किसी भी कार्य को ठानते है तो ईष्वर की कृपा से सफलता का मुकाम इस तरह से सामने आता है। जनप्रतिनिधियों की उम्मीद थी आसायें भी लगी पर अंततः स्वयं से ही धर्मषाला के निर्माण की मंषा पूर्ण होने की दिषा तय हुईं छत पड़ने से आज खुषियां दुगनी हुई।

## ग्राम पंचायत रानीपुरा के मखरा ग्राम में वर्षों से खराब सोलर पंप, पानी की किल्लत से जूझ रहे ग्रामीण

### जनपद पंचायत पन्ना के अंतर्गत ग्राम पंचायत रानीपुरा के ग्राम मखरा का मामला

**पन्ना।** जनपद पंचायत पन्ना की ग्राम पंचायत रानीपुरा के ग्राम मखरा में पिछले कई वर्षों से सौर ऊर्जा प्लेट खराब पड़ी होने के कारण ग्रामीण गंभीर पेयजल संकट से जूझ रहे हैं। तालाब किनारे स्थापित सोलर पंप से सबमर्सिबल मोटर संचालित होती थी, जिससे ग्रामीणों को पेयजल उपलब्ध होता था और तालाब में पानी भरा रहने से पशु-पक्षियों को भी राहत मिलती थी। ग्रामीणों का कहना है कि सोलर प्लेट खराब होने के बाद से व्यवस्था पूरी तरह ठप है। गर्मी के मौसम में हालात और भी विकट हो जाते हैं। महिलाएं दूर-दराज से पानी लाने को मजबूर हैं, वहीं पशु-पक्षियों के लिए भी पानी की समस्या खड़ी हो गई है। ग्रामवासियों ने आरोप लगाया कि उन्होंने कई बार सरपंच और सचिव को अवगत कराया, लेकिन जिम्मेदार अनजान बने हुए हैं। 181 पर भी शिकायत दर्ज कराई गई, फिर भी अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। ग्रामीणों ने पन्ना कलेक्टर से मांग की है कि शीघ्र सोलर पंप की मरम्मत कराई जाए, ताकि गांव में पेयजल व्यवस्था बहाल हो सके और पशु-पक्षियों को भी पानी मिल सके। अब देखना होगा कि जिम्मेदार अधिकारी कब तक चुप्पी साधे रहते हैं या फिर मखरा के ग्रामीणों को राहत दिलाने के लिए ठोस कदम उठाए जाते हैं।



## राधिका मंदिर में रात्रि जागरण, फूलों और अबीर गुलाल की होरी से सराबोर हुआ पन्ना धाम



**पन्ना।** जब देशभर में होली की आहट सुनाई देती है, तब मंदिरों का शहर पन्ना किसी साधारण नगर की तरह नहीं, बल्कि साक्षात ब्रज और बरसाना की छवि में ढल जाता है। यहां की होली केवल रंगों का उत्सव नहीं, बल्कि कृष्ण-राधा भक्ति की जीवंत परंपरा है, जिसमें आस्था, संगीत और संस्कृति एक साथ रंग बिखेरते हैं।

### किलकिला तट पर बसा 'बरसाना', धाम में सजी 'बृजभूमि'-

पन्ना धाम में किलकिला नदी के समीप स्थित श्री महारानी जी (राधिका जी) का मंदिर श्रद्धालुओं के लिए बरसाना का प्रतीक है। वहीं दूसरी ओर श्री प्राणनाथ जी का मंदिर क्षेत्र बृजभूमि की अनुभूति कराता है। प्रणामी सम्प्रदाय के प्रमुख तीर्थ के रूप में प्रसिद्ध यह धाम हर वर्ष फाल्गुन मास में ब्रज संस्कृति का सजीव रूप प्रस्तुत करता है। प्रणामी सम्प्रदाय के अनुयायियों के लिए यह स्थल गहन आस्था का केंद्र है, जहां श्री प्राणनाथ जी को पूर्णब्रह्म परमात्मा के रूप में पूजा जाता है और राधिका रानी के साथ दिव्य लीलाओं का भाव जगाया जाता है।

ब्रज की धमार, बरसाने की होरी- होलिका दहन के एक दिन पूर्व राधिका मंदिर में विशेष श्रृंगार के साथ रात्रि जागरण हुआ। भोग के पश्चात मंदिर प्रांगण में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी और फाग गायन प्रारंभ हुआ। "मोहन खेलत होरी..." और "गोकुल सकल ग्वालिन घर-घर खेलें फाग..." जैसे पारंपरिक धमार गीतों ने वातावरण को वृन्दावन की सुरमयी छटा से भर दिया। रात भर सखियों के भाव में डूबे भक्त राधिका जी को फाग खेलने का आमंत्रण देते रहे। यह दृश्य मानो बरसाना और वृन्दावन की होरी का सजीव प्रतिबिंब हो।

### सुबह खिली फूलों की होली-

रात्रि जागरण के बाद प्रातःकाल फूलों और अमीर गुलाल की होली खेली गई। मंदिर प्रांगण गुलाबी, केसरिया और लाल रंगों से आच्छादित हो उठा। भक्तों ने एक-दूसरे को अबीर लगाकर प्रेम और सद्भाव का संदेश दिया। यहां की होली में न तो केवल रंगों की धूम है और न ही केवल रस्मों का निर्वहन, बल्कि यह राधा-कृष्ण के दिव्य मिलन की भावाभिव्यक्ति है।

### देशभर से उमड़ती आस्था-

हर वर्ष की तरह इस बार भी देश के विभिन्न प्रांतों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पन्ना धाम पहुंचे हैं। कई श्रद्धालु तो विशेष रूप से ब्रज की होली का अनुभव लेने आते हैं, और पन्ना में उन्हें वही रस, वही उल्लास और वही आध्यात्मिक आनंद प्राप्त होता है। फाल्गुन शुक्ल पूर्णिमा तक यहां दण्ड स्थापना से लेकर होलिका दहन और रंगोत्सव तक कार्यक्रमों की श्रृंखला चलती रहती है। पन्ना की यह होली केवल एक पर्व नहीं, बल्कि ब्रज संस्कृति की वह जीवंत परंपरा है जो मध्यप्रदेश की धरती पर भी उसी आस्था और उल्लास के साथ आज तक संरक्षित है।



## जमीनी विवाद में भाई-भतीजों ने लाठियों से पीटा

### होली के दिन घर पहुंचकर किया हमला, पिता-पुत्र घायल

**पन्ना।** कोतवाली थाना क्षेत्र के टिकुरिया मोहल्ला में जमीनी विवाद के चलते परिवार के ही लोगों के बीच मारपीट का मामला सामने आया है। होली के दिन छोटे भाई को उसके बड़े भाई के बेटे ने लाठियों व हाथ-पैरों से मारपीट कर घायल कर दिया। घटना के बाद पुलिस ने शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार शहर के वार्ड क्रमांक 5 स्थित टिकुरिया मोहल्ला के पड़ा खाने के पास रहने वाले मुकेश कुमार सोनी (57 वर्ष) किराना दुकान का व्यवसाय करते हैं। बताया गया कि 4 मार्च की रात लगभग 10 बजे वह अपनी बाइक घर के अंदर रख रहे थे। इसी दौरान उनका भतीजा सोनू सोनी वहां पहुंचा और जमीनी विवाद को लेकर विवाद करने लगा। मुकेश सोनी ने उसे समझाते हुए कहा कि जमीन का मामला आपसी सहमति या न्यायालय के माध्यम से सुलझाया जाएगा। इस बात पर सोनू सोनी गाली-गलौज करने लगा। जब मुकेश ने गाली देने से मना किया तो उसने उनसे हाथापाई शुरू कर दी और लात-घूंसों से मारपीट करने लगा। इसी बीच अपने पिता को बचाने आए मुकेश के बेटे उज्ज्वल सोनी के साथ भी आरोपी ने मारपीट कर दी। इस घटना में मुकेश सोनी के सिर और गले में चोट आई, जबकि उज्ज्वल सोनी के दाएं गाल में छिलनदार चोट आई है। बताया गया है कि मारपीट के बाद आरोपी जाते समय जमीन के विवाद को जल्द निपटाने की धमकी देते हुए जान से मारने की धमकी भी देकर गया। पीड़ित मुकेश सोनी की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने आरोपी सोनू सोनी के खिलाफ धारा 296 (बी), 115(2), 351(3) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।



## अवैध शराब पकड़ने पर संगठन के कार्यकर्ताओं को मिली जान से मारने की धमकी, आरोपियों पर कार्रवाई की मांग





**पन्ना।** होली पर्व के अवसर पर जिले के हरदुआ खमरिया बस स्टैंड में अवैध शराब के खिलाफ की गई कार्रवाई के बाद नया विवाद सामने आया है। भगवती मानव कल्याण संगठन एवं भारतीय शक्ति चेतना पार्टी शाखा जिला पन्ना के कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया है कि अवैध शराब पकड़ने से नाराज शराब माफिया ने संगठन के कार्यकर्ताओं को रास्ते में रोककर गाली-गलौज की और जान से मारने की धमकी दी।

### पुलिस को सूचना देकर पकड़ी गई 4 पेटी अवैध शराब-

जानकारी के अनुसार दिनांक 04 मार्च 2026 को शाम लगभग 7 बजे होली पर्व को देखते हुए संगठन के कार्यकर्ता हरदुआ खमरिया बस स्टैंड, चौकी हरदुआ पटैल क्षेत्र में अवैध शराब की बिक्री रोकने के लिए निगरानी कर रहे थे। इसी दौरान कार्यकर्ताओं ने पुलिस को सूचना देकर लगभग 4 पेटी अवैध शराब पकड़वाई, जिससे क्षेत्र में अवैध शराब कारोबार करने वालों में हड़कंप मच गया।

### तीन जगह घेरकर दी गालियां और जान से मारने की धमकी-

संगठन का आरोप है कि अवैध शराब पकड़ने से नाराज शराब माफिया से जुड़े लोगों ने रास्ते में संगठन के दो कार्यकर्ताओं को तीन अलग-अलग स्थानों पर घेरकर रोक लिया और उन्हें गंदी-गंदी मां-बहन की गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी दी। धार्मिक कार्यों को लेकर भी किए अपमानजनक शब्दों का प्रयोग बताया गया कि आरोपियों ने संगठन के पूजा-पाठ, धार्मिक गतिविधियों और जनजागरण कार्यक्रमों को लेकर भी अपमानजनक एवं अशोभनीय शब्दों का प्रयोग किया, जिससे संगठन के कार्यकर्ता मानसिक रूप से आहत और भयभीत हैं।

### इन लोगों पर लगाए गए आरोप-

इस मामले में जिन लोगों के नाम सामने आए हैं, उनमें छंगे प्रजापति, धर्मेंद्र लोधी उर्फ धम्मा, युवराज ठाकुर, भोला राय और नीरज राय (सभी निवासी मड़वा) शामिल बताए जा रहे हैं।

### एसपी को सौंपा ज्ञापन, 7 दिन में कार्रवाई की मांग-

इस पूरे मामले को लेकर संगठन ने पुलिस अधीक्षक पन्ना को ज्ञापन सौंपकर आरोपियों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता (ठछै) की विभिन्न धाराओं के अंतर्गत एफआईआर दर्ज कर कठोर कार्रवाई की मांग की है। संगठन ने प्रशासन को 7 दिन के भीतर कार्रवाई करने की चेतावनी देते हुए कहा है कि यदि समय पर न्याय नहीं मिला तो संगठन धरना-प्रदर्शन और आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा।



## खेत बटाई पर देने को लेकर किया प्राणघातक हमला

**पन्ना।** जिले के अजयगढ़ थाना अंतर्गत पुलिस चौकी हनुमतपुर क्षेत्र के ग्राम बहनरी कला में खेत बटाई को लेकर आरोपियों द्वारा लाठी डंडों से हमला किया गया पीड़ति जिला अस्पताल में इलाज कर रहा है। जानकारी के अनुसार बनेहरी कला निवासी लक्ष्मी प्रसाद अवस्थी द्वारा अपनी जमीन दूसरे व्यक्ति को बटाई पर दी गई थी जिसको लेकर छोटू यादव तथा संतु यादव बुराई मान रहे थे ईसी बात को लेकर उनके द्वारा बीते दिवस लाठी डंडों से प्राण घातक हमला किया गया। घायल के भाई महेंद्र अवस्थी ने बताया कि आरोपियों से कोई बुराई नहीं थी केवल हमारे द्वारा इस वर्ष अपनी जमीन बटाई पर उक्त लोगों को न देकर अन्य लोगों को दे दी गई थी जिससे वह लोग बुराई मान रहे थे और उनके द्वारा घटना को अंजाम दिया आरोपियों के खिलाफ पुलिस चौकी हनुमत पुर में रिपोर्ट दर्ज कराई गई तथा प्राथमिक उपचार अजयगढ़ स्वास्थ्य केंद्र में करने के बाद जिला चिकित्सालय पन्ना में इलाज चल रहा है।

### भगवान श्री जुगल किशोर तथा गोविंद जी मंदिर में हुए सखी बेस के दर्शन



**पन्ना।** प्रत्येक वर्ष की बात इस वर्ष भी बुंदेलखंड की आस्था का केंद्र भगवान जुगल किशोर जी मंदिर एवं गोविंद जी मंदिर में तीज के दिन सखी बेस के दर्शन होते हैं जिसमें भगवान कृष्ण कन्हैया को सखियां सखी बनाती हैं तथा उनके साथ होली खेलती हैं यह परंपरा बरसों से चल रही है इस दौरान हजारों की संख्या दर्शन तथा श्रद्धालु रंग गुलाल एक दूसरे को लगाते हैं तथा बड़े ही उत्साह के साथ होली खेलते हुए देखे जाते हैं। मंदिर के पुजारी डब्बू महाराज ने बताया यह परंपरा विगत सैकड़ो वर्षों से चल रही है बुंदेलखंड की आस्था का केंद्र भगवान जी मंदिर है जहां बरसाना वृंदावन की तर्ज पर होली का त्यौहार मनाया जाता है।

## आपात स्थिति में संपर्क के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी

**पन्ना।** मध्यप्रदेश शासन द्वारा पश्चिम एशिया क्षेत्र में चल रहे वर्तमान संघर्ष की स्थिति के दृष्टिगत राज्य के नागरिकों को आवश्यक सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से हेल्पलाइन नंबर जारी किए गए हैं। इसके लिए वल्लभ भवन भोपाल तथा मध्यप्रदेश भवन नई दिल्ली में 24 घंटे एवं सात दिवस संचालित कंट्रोल रूम की स्थापना की गई है। प्रभावित क्षेत्र में मध्यप्रदेश के किसी नागरिक के साथ किसी भी प्रकार की आपात स्थिति, दुर्घटना अथवा अन्य किसी आकस्मिक आवश्यकताओं के लिए तत्काल हेल्पलाइन नंबर्स पर संपर्क करने की सलाह दी गई है। प्राप्त प्रकरणों में भारत सरकार एवं अन्य संबंधित एजेंसियों के साथ समन्वय स्थापित कर आवश्यक सहायता सुनिश्चित की जाएगी। वल्लभ भवन भोपाल स्थित कंट्रोल रूम का दूरभाष क्रमांक 0755-2708055 एवं 2708059 है, जबकि व्हाट्सएप नंबर 7648862100 तथा ईमेल संपर्क एसडीईआरएफ डॉट व्हीबीएसआर एट जीमेल डॉट कॉम है। इसी तरह मध्यप्रदेश भवन नई दिल्ली में स्थापित कंट्रोल रूम का दूरभाष क्रमांक 011-26772005, व्हाट्सएम नंबर 9818963273 तथा ईमेल संपर्क एमपी हेल्पडेस्क गल्फ एट जीमेल डॉट काम है।

## भारी मात्रा में अवैध शराब की जप्त आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल



**पन्ना।** कोतवाली थाना अंतर्गत अजयगढ़ चौराहे पर कोतवाली पुलिस ने सरेआम शराब बेचने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया गया है तथा उसके कब्जे से 173 लीटर अवैध शराब बरामद की गई है जिसकी कीमत 1 लाख तिरपन हजार आंकी गई गौरतलब हैं की अजयगढ़ चौराहा निवासी राजेश दुबे पिता देवी प्रसाद दुबे द्वारा सरेआम अजयगढ़ चौराहे पर शराब की बिक्री बरसों से की जा रही थी। जिसकी सूचना पुलिस को मिलने पर उसके खिलाफ नगर निरीक्षक रोहित मिश्रा तथा उनकी टीम द्वारा कार्यवाही करते हुए भारी मात्रा में शराब बरामद की गई है आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए आरोपी को जेल भेज दिया गया है।

## खबर संक्षेप



### राज्यमंत्री ने खेली होली समर्थकों संग नाचे

**छतरपुर।** होली का त्योहार इस बार छतरपुर जिले में एक अनोखे और देसी अंदाज में मनाया गया, जिसने सोशल मीडिया पर तहलका मचा दिया है। चंदला विधानसभा से विधायक तथा मध्य प्रदेश सरकार में राज्य मंत्री दिलीप अहिरवार पारंपरिक रंग-गुलाल को छोड़कर अपने समर्थकों के साथ जमकर कीचड़ की होली खेलते नजर आए। मंत्री जी खुद कीचड़ में उतरकर मस्ती करते दिखे, जहां समर्थकों ने उन्हें कंधों पर उठाकर नाच-गाना किया। इस दौरान ढोल-नगाड़ों और होली गीतों की धुन पर पूरा माहौल उत्सवमय हो उठा। वीडियो और तस्वीरों में मंत्री दिलीप अहिरवार कीचड़ से सराबोर होकर मुस्कुराते हुए दिख रहे हैं। उनके समर्थक भी कीचड़ उछालते, एक-दूसरे पर लगाते और जमकर होली खेलते नजर आ रहे हैं। कई लोग मोबाइल से रिकॉर्डिंग करते हुए इस मस्ती में शामिल हुए, और अब ये वीडियो-तस्वीरें सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही हैं। लोग इस देसी स्टाइल की होली को देखकर काफी उत्साहित हैं। इस मौके पर मंत्री दिलीप अहिरवार ने क्षेत्रवासियों को होली की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा, होली आपसी प्रेम, भाईचारे और सौहार्द का पर्व है। सभी मतभेद भुलाकर एक-दूसरे के साथ खुशियां साझा करें और सुरक्षित तरीके से त्योहार मनाएं।

### एनएसएस के सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन



**छतरपुर।** दक्ष इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मास्यूटिकल्स साइंस, छतरपुर की एनएसएस इकाई द्वारा गोद ग्राम बजपुरा में आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर का आज भव्य समापन हुआ। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में ग्राम बजपुरा के सरपंच पंकज मिश्रा उपस्थित रहे, साथ ही अन्य स्थानीय समाजसेवी भी शामिल हुए। कार्यक्रम का संचालन एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी प्रोफेसर शशांक चौरसिया एवं महिला कार्यक्रम अधिकारी अनीता देवी शिवहरे ने किया। उन्होंने पूरे शिविर के दौरान छात्र-छात्राओं को निरंतर मार्गदर्शन प्रदान किया। समारोह में सभी अतिथियों ने अपने विचार व्यक्त किए तथा ग्रामीण प्रबुद्धजनों ने शिविर की सराहना की और भविष्य में भी ऐसे शिविर आयोजित करने का आग्रह किया। सरपंच पंकज मिश्रा ने राष्ट्रीय सेवा योजना को युवाओं को समाज से जोडने का प्रभावी माध्यम बताया तथा स्वयंसेवकों के प्रयासों एवं कार्यों की खुलकर प्रशंसा की। उन्होंने वातावरण प्रदूषण, स्वच्छता, स्वास्थ्य, नशा मुक्ति तथा सामाजिक जागरूकता जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर गहन चर्चा की और कहा कि ऐसे शिविर ग्रामीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। शिविर के दौरान स्वयंसेवकों ने अनुशासित ढंग से ग्राम भ्रमण कर ग्रामीणों को स्वच्छता, स्वास्थ्य, नशा मुक्ति एवं सामाजिक कुरीतियों के प्रति जागरूक किया। विभिन्न गतिविधियों में श्रमदान, वृक्षारोपण, साक्षरता प्रचार, नारा लेखन, स्वास्थ्य जागरूकता, डिजिटल भारत, नुक्कड़ नाटक आदि शामिल रहे। निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में रक्तचाप एवं मधुमेह के मरीजों की जांच की गई, जिसमें लगभग 55 प्रतिशत प्रभावित पाए गए। समापन समारोह में महाविद्यालय के स्टाफ सदस्य चंद्रप्रकाश चौरसिया, रवीना, आरती सहित अन्य कर्मचारी, स्वयंसेवक दल प्रमुख एवं ग्रामीण प्रबुद्धजन उपस्थित रहे।

## गेहूं पंजीयन : इस साल 16 हजार लगभग, जबकि पिछले साल 26101 पंजीयन हुए थे

# पटवारियों के कमीशनखोरी के चलते गिरदावली पोर्टल में अपलोड ना होने से किसानों के पंजीयन में रूकावट

### डीएसओ जता रहे संभावना की अभी और बढ़ेगी गेहूं पंजीयन की तारीख, किसान परेशान

छतरपुर



शासन द्वारा समर्थन मूल्य पर किसानों का गेहूँ खरीदने के लिए पंजीयन एक माह पूर्व से चालू किया गया था। और 10 मार्च पंजीयन की अंतिम तारीख भी है लेकिन देखने में यह आ रहा है कि गिरदावली पोर्टल में पटवारी द्वारा अपलोड नही की गई। जिससे किसानों के पंजीयन में रूकावट आ रही है। और पटवारी फर्जी गिरदावली के नाम पर किसानों से पैसो की मांग कर रहे है। पैसे ना मिलने पर समय पर किसानों की फसलों की गिरदावली नही की जा रही है। वर्तमान में गेहूँ खरीदी के लिए जिले में 16 हजार के लगभग किसानों के पंजीयन हुए है, जबकि पिछले साल 26 हजार 101 किसानों ने पंजीयन कराया था। इस वर्ष गेहूँ का रकबा 3 लाख 59 हजार हेक्टेयर के लगभग है, जबकि पिछले साल लगभग 3 लाख 28 हजार 765 हेक्टेयर था लेकिन इसके बावजूद भी पंजीयन में अधिकारी रूचि नहीं दिखा रहें है।

### पटवारी की आईडी से 70 प्रतिशत एसेप्ट हुई गिरदावली

विभागीय सूत्रों के अनुसार सर्वेयर की आईडी से गिरदावली एसेप्ट करने की अंतिम तिथि 28 फरवरी थी और सर्वेयर की आईडी से उक्त दिनांक तक लगभग 98 प्रतिशत गिरदावली एसेप्ट होने की बात बताई जा रही है। जबकि पटवारी की आईडी से गिरदावली एसेप्ट होने की अतिंम तिथि 5 मार्च थी लेकिन इसके बाद भी अभी तक मात्र 70 प्रतिशत के लगभग गिरदावली पटवारी की आईडी से एसेप्ट हुई है। पोर्टल पर गिरदावली अपलोड ना होने के कारण किसानों के पंजीयन नही हो रहे है। किसानों ने बताया कि जिसके लिए पटवारी पूरी तरह से दोषी है। यह भी जानकारी मिली है कि पटवारी की आइडी से एसेप्ट करने के 24-48 घंटे के बीच पोर्टल में अपलोड होता है तभी पंजीयन संभव है। लेकिन गिरदावली पोर्टल में अपलोड ना होने के कारण किसानों के पंजीयन में रूकावट आ रही है।

### इस वर्ष बम्पर गेहूँ की पैदावार होने की संभावना, समर्थन मूल्य भी 2600 रुपये, फिर भी पंजीयन बहुत कम हुए

पिछले वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष गेहूँ की बम्पर पैदावार होने की संभावना है, फिर भी अधिकारी गेहूँ का पंजीयन कराने में रूचि नही दिखा रहे है। यह भी चर्चा है कि पटवारी की आईडी गांव गाँव में 5 से 10 हजार रूपए में बिक रही है, जिसको पटवारी के दलाल ही चला रहे हैं। और लेनदेन के चक्कर में ही पटवारी किसानों की फसलों की गिरदावली समय पर पोर्टल में अपलोड नही कर रहें है। अभी तक पंजीयन की डेट बढने की संभावना थी, लेकिन पंजीयन के अंतिम दिन के एक दिन पहले तक ऐसा कोई आदेश विभाग को प्राप्त नहीं हुआ है। जिससे यह सुनिश्चित हो सके कि पंजीयन की डेट बढ गई, सिर्फ संभावना की आशा में किसान इंतजार कर रहा है।

## होली की खुशियां मातम में बदली: शराब के नशे ने ली जान



### पहाड़ पर मिला 26 वर्षीय युवक का शव

**छतरपुर ।** छतरपुर जिले के लवकुशनगर थाना क्षेत्र के हरद्वारपुर गांव में होली के मौके पर एक 26 वर्षीय युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। युवक का शव गांव के पास स्थित पहाड़ पर मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई।

जानकारी के मुताबिक मृतक की पहचान मुकुंद यादव उर्फ बालमुकुंद (26) के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार वह सुबह से ही घर से लापता था। काफी तलाश के बाद उसका शव गांव के पास पहाड़ पर पड़ा मिला। मृतक के परिजन हनुमत यादव ने बताया कि बालमुकुंद शराब का आदी था और होली के मौके पर शराब पीकर घर से निकल गया था, जिसके बाद वह वापस घर नहीं लौटा। जब परिवार के लोगों ने उसकी खोजबीन की तो पहाड़ पर उसका शव पड़ा मिला। परिजन उसे तुरंत लवकुशनगर के उप स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने हालत गंभीर देखते हुए उसे जिला अस्पताल छतरपुर रेफर कर दिया।

## युवक व उसकी मां पर जानलेवा हमला, एसपी से शिकायत

### मारपीट के बाद मोटर साइकिल छीनने का आरोप



**छतरपुर।** जिले के जुझारनगर थाना क्षेत्र के ग्राम खेरा में एक गंभीर मारपीट की घटना सामने आई है, जिसमें एक युवक और उसकी मां पर लोहे के हथियार व लाठी-डंडों से जानलेवा हमला किया गया। पीड़ित सुरेश अनुरागी ने पुलिस अधीक्षक को लिखित शिकायत देकर आरोपियों के खिलाफ हत्या के प्रयास सहित कड़ी धाराओं में मामला दर्ज करने और तत्काल गिरफ्तारी की मांग की है।

शिकायत के अनुसार, 4 मार्च की रात करीब 8:30 बजे पीड़ित सुरेश अनुरागी का पुत्र रोहित अनुरागी मोटरसाइकिल से घर लौट रहा था। जब वह कमल साहू के घर के सामने से गुजर रहा था, तो आरोपी अनीश साहू ने उसे गाली-गलौज करते हुए रोक लिया। विरोध करने पर अनीश साहू ने लोहे के धारदार हथियार से रोहित के सिर पर वार कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

शोर-शराबा सुनकर घटनास्थल पर पहुंची रोहित की मां चंदन अनुरागी को भी कमल साहू और उसके परिवार के अन्य सदस्यों ने लाठी-डंडों से जमकर पीटा। हमले में रोहित के सिर में गंभीर चोट आई है, जबकि उनकी मां की कलाई में फ्रैक्चर हो गया है। दोनों का वर्तमान में जिला अस्पताल छतरपुर में इलाज चल रहा है। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि मारपीट के बाद आरोपियों ने रोहित की मोटरसाइकिल भी छीन ली और उन्हें जान से मारने की धमकी दी। हालांकि, पुलिस ने इस मामले में प्राथमिकी दर्ज कर ली है, लेकिन पीड़ित परिवार आरोपियों की गिरफ्तारी और उचित धाराओं के तहत कार्रवाई की मांग कर रहा है।

## नई पुलिस चौकी का डीआईजी, विधायक ने किया शुभारंभ



**नौगांव। अंतरराज्यीय बस स्टैंड पर शुक्रवार को नवीन पुलिस चौकी का भव्य लोकार्पण हुआ, जिससे स्थानीय लोगों में सुरक्षा को लेकर नई उम्मीद जगी है। लेकिन सवाल यह है कि क्या यह चौकी वाकई असामाजिक तत्वों की कमर तोड़ पाएगी, या फिर यह महज एक औपचारिक शुरुआत भर रहेगी?**

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डीआईजी विवेक खत्री रहे, जिन्होंने फीता काटकर और पूजा-पाठ के साथ चौकी का शुभारंभ किया। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक आगम जैन, महाराजपुर विधायक कामाख्या प्रताप सिंह, पूर्व मंत्री मानवेंद्र सिंह भंवरराजा, एसडीओपी अमित मेश्राम, थाना प्रभारी वाल्मीकि चौबे सहित कई जनप्रतिनिधि और अधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम दोपहर करीब 1 बजे शुरू हुआ। पुलिस अधीक्षक अगम जैन ने कहा, बस स्टैंड पर पुलिस चौकी के स्थापित होने से आम जनता को तत्काल सहायता मिल सकेगी और अपराध नियंत्रण में बड़ी मदद मिलेगी। उन्होंने जोर दिया कि यह कदम यात्रियों और स्थानीय निवासियों की सुरक्षा को मजबूत करेगा। डीआईजी विवेक खत्री ने भविष्य की बड़ी योजना का खुलासा करते हुए कहा, नौगांव थाना और इस नवीन चौकी पर स्टाफ बढ़ाया जाएगा। क्षेत्र उत्तर प्रदेश की सीमा से सटा हुआ है, इसलिए पुलिस व्यवस्था को और सुदृढ़ किया जाएगा। चौकी पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे और 24 घंटे पुलिसकर्मियों की तैनाती रहेगी, ताकि असामाजिक तत्वों पर प्रभावी कार्रवाई हो सके। महाराजपुर विधायक कामाख्या प्रताप सिंह ने विकास की बात करते हुए कहा, क्षेत्र में स्वास्थ्य, शिक्षा, खेल के साथ अब पुलिस व्यवस्था को मजबूत करने का यह महत्वपूर्ण कदम है। आने वाले समय में नौगांव थाना, अलीपुर और हरपालपुर में विधायक निधि से जरूरी निर्माण कार्य भी कराए जाएंगे। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष अनूप तिवारी, सीएमओ आई.एस. अवस्थी सहित कई गणमान्य नागरिक और जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। अंत में थाना प्रभारी वाल्मीकि चौबे ने सभी अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया।



## विवादित नेता आरडी प्रजापति के खिलाफ एफआईआर की मांग

**छतरपुर।** शहर के ओरछा रोड थाने में समाज सेवी नेहा सिंह सहित अन्य पत्रकारों ने पूर्व चंदला विधायक आरडी प्रजापति के खिलाफ ज्ञापन सौंपा है। उन्होंने होली को घिनौना त्यौहार बताने और हिंदू धर्म की भावनाओं को ठेस पहुंचाने के आरोप में कड़ी कार्रवाई की मांग की है। ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि आरडी प्रजापति ने हाल ही में सोशल मीडिया पर जारी एक वीडियो और अपने भाषणों में होली को घिनौना त्यौहार करार दिया। उन्होंने होली की पारंपरिक कथाओं को झूठा बताते हुए मनगढ़ंत कहानियां गढ़ीं और हिंदू धर्म के एक विशेष वर्ग से होली न मनाने की अपील की। ब्राह्मणों के प्रति भी अभद्र भाषा का प्रयोग करने का आरोप है। ज्ञापनकर्ताओं का कहना है कि इससे हिंदू समाज में विभाजन पैदा करने और आपसी सौहार्द बिगाडने का प्रयास किया जा रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, प्रजापति ने होली को हमारी बहन होलिका को जिंदा जलाने से जोड़ते हुए इसे त्यौहार न मानने की बात कही, जिससे सोशल मीडिया पर व्यापक विरोध और ट्रोलिंग हुई। कई लोगों ने इसे हिंदू भावनाओं पर हमला बताया। जिला प्रशासन द्वारा जारी गाइडलाइंस में धर्म-जाति संबंधी टिप्पणियों पर सख्त कार्रवाई का प्रावधान होने के बावजूद प्रजापति लगातार विवादित बयान दे रहे हैं। समाजसेवी नेहा सिंह और पत्रकारों ने ओरछा रोड थाना प्रभारी को संबोधित ज्ञापन में मांग की कि प्रजापति के खिलाफ तत्काल एफआईआर दर्ज कर कड़ी कार्रवाई की जाए।

## दबंगों ने घर में घुसकर परिवार से की मारपीट बेटी की शादी के जेवर व नकदी लूटे

**छतरपुर। थाना गढ़ीमलहरा क्षेत्र के ग्राम मलका में शुक्रवार सुबह करीब 7 बजे एक सनसनीखेज घटना ने इलाके में दहशत फैला दी। दबंगों के एक गिरोह ने लाठी-डंडों से लैस होकर एक परिवार के घर में घुसकर जमकर मारपीट की और बेटी की शादी के लिए जमा किए गए जेवरात व नकदी लूट ली।**



घटना में राजकुमार अहिरवार, भागीरथ अहिरवार, प्रेमचंद अहिरवार, राहुल अहिरवार, आरती अहिरवार और शीला अहिरवार गंभीर रूप से घायल हो गए। आरती अहिरवार को सिर और पैर में गंभीर चोटें आई हैं, जबकि राजकुमार अहिरवार के सिर में भी चोट लगी है। सभी घायलों का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है।

पीड़ित परिवार की सदस्य खुशबू ने बताया कि उनकी बहन आरती की शादी होने वाली थी। शादी के लिए जमा किए गए जेवर और कुछ नकदी को आरोपियों ने मारपीट के दौरान लूट लिया और भाग गए। हमले के दौरान परिवार के सदस्यों ने मोबाइल से वीडियो बनाया था, लेकिन आरोपियों ने दोनों मोबाइल तोड़ दिए, जो अब सबूत के तौर पर टूटे हुए हैं।

घटना का कारण होली से दो दिन पहले हुई छोटी-सी बहस बताई जा रही है। खुशबू के अनुसार, आरोपियों ने उनके भाई को दरवाजे पर रोका और उनका वीडियो बनाया। भाई ने विरोध किया तो दोनों पक्षों में गाली-गलौज हुई। इसी बात का बदला लेने के लिए शुक्रवार सुबह आरोपियों ने घर में घुसकर हमला बोल दिया। आरोपियों में तुलाराम अहिरवार, कल्लू अहिरवार, प्रदीप अहिरवार शामिल बताए जा रहे हैं। पीड़ितों ने डायल 112 पर फोन किया, लेकिन पुलिस समय पर मौके पर नहीं पहुंची। गंभीर हालत के कारण घायलों को खुद जिला अस्पताल ले जाना पड़ा।

### सरपंच सहित आधा दर्जन पर मारपीट का आरोप

## पीड़ितों ने एसपी कार्यालय में दी शिकायत



**छतरपुर** जिले के बिजावर तहसील अंतर्गत किशनगढ़ थाना क्षेत्र के राईपुरा गांव में एक गंभीर मारपीट की घटना सामने आई है। गांव के सरपंच चरनामन प्यासी सहित आधा दर्जन लोगों पर लाठी-डंडों और पत्थरों से हमला करने का आरोप लगा है। पीड़ित रवि अहिरवार और प्रकाश अहिरवार ने बताया कि गांव की सार्वजनिक जमीन पर कचरे में लगी आग बुझाने को लेकर छोटा-सा विवाद हुआ, जिसके बाद आरोपियों ने अचानक हमला बोल दिया। हमले में दोनों पीड़ितों को सिर, हाथ और शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आई हैं। घायलों को तत्काल जिला अस्पताल छतरपुर में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है। पीड़ितों का कहना है कि सरपंच के दबाव के कारण किशनगढ़ थाने में उनकी रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई। इस संबंध में उन्होंने आज 6 मार्च को दोपहर करीब 3 बजे छतरपुर एसपी कार्यालय में लिखित आवेदन दिया और आरोपियों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई की मांग की है।

## नहर में डूबने से 9 वर्षीय बच्ची की मौत, गांव में पसरा मातम



**छतरपुर।** बमीठा थाना क्षेत्र के इमलाहा गांव में शुक्रवार को एक दर्दनाक हादसा हो गया, जहां नहर में डूबने से 9 वर्षीय बच्ची की मौत हो गई। घटना के बाद पूरे गांव में शोक का माहौल है। जानकारी के अनुसार मृतक बच्ची संध्या साहू (9 वर्ष) पिता राम बहादुर साहू, निवासी ग्राम इमलाहा है। बताया जा रहा है कि शुक्रवार सुबह करीब 10 बजे संध्या अपनी बहन के साथ घर के पीछे निकली नहर में नहाने गई थी। इसी दौरान अचानक उसका पैर फिसल गया और वह नहर के तेज बहाव में डूब गई। घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीणों में अफरा-तफरी मच गई और तुरंत पुलिस को सूचना दी गई। वहीं सूचना मिलने पर एसडीओपी सिंचाई विभाग डी.के. मिश्रा को भी अवगत कराया गया, जिसके बाद नहर का पानी तुरंत बंद करवाया गया ताकि बच्ची की तलाश की जा सके। ग्रामीणों और पुलिस की मदद से काफी देर तक तलाश अभियान चलाया गया। करीब दोपहर 2 बजे बच्ची का शव नहर में कुछ दूरी पर मिला। सूचना मिलते ही बमीठा पुलिस और डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची और बच्ची के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए राजनगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेज दिया। इस दर्दनाक घटना के बाद इमलाहा गांव में मातम का माहौल है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## पुरानी रंजिश के चलते हत्या के आरोप भरत सिंह को मारकर नदी में फेंका

### परिवार ने एसपी कार्यालय में आवेदन देकर लगाए गंभीर आरोप



**छतरपुर।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र के ग्राम दालोन में पुरानी बुराई और रंजिश के कारण एक व्यक्ति की क्रूर हत्या का मामला सामने आया है। मृतक की पहचान भरत सिंह के रूप में हुई है। परिवार के सदस्यों ने आरोप लगाया है कि आरोपीगण ने भरत सिंह को जबरन शराब पिलाई, मारपीट की और जान से मार डाला। उसके बाद शव को नदी में फेंक दिया। परिवार ने शुक्रवार को एसपी कार्यालय में ज्ञापन देते हुए आरोपियों पर हत्या का प्रकरण दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार करने की मांग की है।

परिवार के अनुसार, घटना की शुरुआत 1 मार्च 2026 को सुबह करीब 8 बजे हुई। आरोपी लाखन सिंह ने भरत सिंह को अथारी स्थित कुएं पर ले जाकर जबरन दारू पिलाई। इसके बाद उन्हें गांव की नदी के पास लुहानबारो क्षेत्र में ले गए, जहां रोशन सिंह, संजू सिंह, अजय सिंह उर्फ अज्जू और ग्राम सरानी के अखिलेश सिंह भी पहुंच गए। सभी ने मिलकर भरत सिंह की जान से मारने की नियत से मारपीट की। मृतक के शरीर पर सीने, हाथों, पैरों और अन्य अंगों में गंभीर चोटें आईं।

मृतक के भाई करण सिंह ने बताया कि उनकी भाभी राजकुंवर ने सूचना दी कि भरत सिंह को लाखन सिंह आदि लोग घर से ले गए हैं और दो घंटे बीत गए लेकिन वापस नहीं लौटे। खोजबीन में नदी के पास पहुंचने पर भरत सिंह का शव बजरू में पड़ा मिला। आरोपी उन्हें देखकर भाग गए। करण सिंह ने तुरंत अपने भतीजे अभय सिंह को फोन किया, जिन्होंने सरपंच को सूचना दी। सरपंच की जानकारी पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को जिला अस्पताल ले गई, जहां डॉक्टरों ने भरत सिंह को मृत घोषित कर दिया। पोस्टमार्टम जिला चिकित्सालय छतरपुर में किया गया।

परिवार का आरोप है कि यह हत्या पुरानी रंजिश का नतीजा है। तीन वर्ष पहले भी लाखन सिंह के परिजनों ने मृतक के भाई मंगल सिंह की हत्या की थी, जिसमें आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा हुई है। राजीनामा न करने के कारण आरोपीगण ने बदला लिया। आरोपियों ने घटना के बाद भी गांव में खुलेआम घूम रहे हैं और परिवार को धमकियां दे रहे हैं। परिवार ने थाना सिविल लाइन में रिपोर्ट दर्ज कराई, लेकिन पुलिस आरोपियों से मिली हुई बताई जा रही है और हत्या को दुर्घटना का रूप देने की कोशिश कर रही है। आरोपी धनवान और राजनीतिक संरक्षण प्राप्त बताए जा रहे हैं।

इस संबंध में करण सिंह ने पूरे परिवार के साथ एसपी कार्यालय पहुंचकर लिखित आवेदन दिया है। आवेदन में लाखन सिंह, रोशन सिंह, संजू सिंह, अजय सिंह उर्फ अज्जू और अखिलेश सिंह के खिलाफ तत्काल प्रकरण दर्ज कर गिरफ्तारी की मांग की गई है। परिवार ने एसपी से अपील की है कि निष्पक्ष जांच हो और उन्हें सुरक्षा प्रदान की जाए।

## बी.फार्मा की 18 वर्षीय छात्रा 6 दिनों से लापता, सीसीटीव्ही में ऑटो में बैठते दिखी

छतरपुर।

**मध्य प्रदेश के छतरपुर जिले में एक 18 वर्षीय बी.फार्मा छात्रा के लापता होने का मामला सामने आया है, जिससे परिजनों में गहरी चिंता है। छात्रा 28 फरवरी 2026 को सुबह 8 बजे घर से कॉलेज जाने के लिए निकली थी, लेकिन शाम तक वापस नहीं लौटी। अब तक उसका कोई सुराग नहीं मिला है और परिवार अनहोनी की आशंका जता रहा है।**



परिजनों ने सिविल लाइन थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। फरियादी 48 वर्षीय महेन्द्र कुमार सक्सेना, जो उत्तर प्रदेश के हमीरपुर जिले के माहाखोर सहरीला थाना जरिया के निवासी हैं, ने बताया कि उनकी बेटी और बेटा नमन सक्सेना छतरपुर के सटई रोड इलाके में किराए के मकान में रहकर ढ़ाई कर रहे हैं। बेटी श्री कृष्णा विश्वविद्यालय से बी.फार्मा की पढ़ाई कर रही है और रोजाना सुबह 10 बजे कॉलेज जाती थी तथा शाम 4 बजे तक घर लौट आती थी। सीएसपी अरूण कुमार सोनी ने बताया कि मामले की जांच के दौरान एक महत्वपूर्ण सीसीटीव्ही फुटेज सामने आया है, जिसमें छात्रा को सुबह करीब 8:25 बजे एक ऑटो में बैठते हुए देखा जा सकता है। यह आखिरी बार उसकी तस्वीर कैद हुई है। पुलिस इस फुटेज के आधार पर आगे की जांच कर रही है उन्होंने कहा कि दो टीमें बनाई गई हैं जो लड़की तलाश में जुटी हैं जल्द ही लड़की को रिकवर कर लिया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी के लिए किसानों के पंजीयन की अंतिम तिथि बढ़ी, अब 10 मार्च तक होगा पंजीयन

**रीवा।** किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य देने के लिए शासन द्वारा समर्थन मूल्य पर खरीद की जाती है। समर्थन मूल्य पर गेंहू खरीदी के लिए किसानों के पंजीयन की तिथि बढ़ा दी गयी है। अब 10 मार्च तक किसान अपना पंजीयन करा सकते हैं। किसान एमपी किसान एप, ई-उपार्जन पोर्टल तथा ई-उपार्जन मोबाइल एप पर अपना पंजीयन करा सकते हैं। इस संबंध में जिला आपूर्ति नियंत्रक कमलेश ताण्डेकर ने बताया कि रीवा जिले में गेंहू उपार्जन के लिए प्रस्तावित सभी खरीदी केन्द्रों में किसान गेंहू उपार्जन के लिए पंजीयन करा सकते हैं। सभी किसान निर्धारित खरीदी केन्द्रों में अपना आनलाइन पंजीयन अवश्य करायें। पंजीकृत किसानों से ही समर्थन मूल्य पर गेंहू की खरीद की जायेगी। स्वयं के मोबाइल, कम्प्यूटर, खरीदी केन्द्र तथा ग्राम पंचायत कार्यालय में स्थापित सुविधा केन्द्र में पंजीयन की निःशुल्क व्यवस्था की गई है। किसान 50 रुपए का शुल्क देकर एमपी ऑनलाइन कियोस्क, कॉमन सर्विस सेंटर, लोक सेवा केन्द्र तथा साइबर कैफे में पंजीयन करा सकते हैं। जिला आपूर्ति नियंत्रक ने बताया कि पंजीयन के समय किसान आधार संख्या से लिंक बैंक खाते दर्ज करें जिससे ऑनलाइन भुगतान किया जा सके। पंजीयन कराने के लिए किसान को बोये गये खेत के खसरा नंबर की ऋण पुस्तिका, आधार से लिंक बैंक खाते की जानकारी देकर अपना पंजीयन करा सकते हैं।

### नौसेना अभ्यास से लौट रहे ईरानी जहाज़ पर हमला सरासर ग़लत

**रीवा।** समता सम्पर्क अभियान के राष्ट्रीय संयोजक लोकतंत्र सेनानी अजय खरे ने कहा कि मेजबान भारतीय नौसेना के मिलन बहुपक्षीय नौसैन्य अभ्यास के विशाल आयोजन की मेहमान नवाजी में शामिल होकर विशाखापट्टनम से स्वदेश लौट रहे ईरानी समुद्री जहाज 'आईरिस देना' पर बुधवार 4 मार्च की सुबह अमेरिकी नौसेना का बिना किसी चेतावनी के हिंद महासागर क्षेत्र में तारपीडो से निशाना साधकर डुबोया जाना अन्तर्राष्ट्रीय जलमार्ग कानून का सरासर उल्लंघन है। इससे शांत हिंद महासागर क्षेत्र भी युद्ध लपेट में आ गया है। जहाज पर सवार लगभग 180 ईरानी नाविकों में से करीब 87 शवों को श्री लंका की नौसेना ने बरामद किया वहीं 32 का श्रीलंका के गॉल में ईलाज चल रहा है। शेष को समुद्र क्षेत्र में खोजा जा रहा है।श्री खरे ने कहा ईरानी जहाज आईरिस देना भारत के प्रादेशिक समुद्री क्षेत्र में नहीं, बल्कि श्रीलंका के पास अंतरराष्ट्रीय जलक्षेत्र में डुबाया गया है। यह जहाज श्रीलंका के गॉल से लगभग 20-40 समुद्री मील दक्षिण में डूबा, जो भारत की 22 किमी (12 समुद्री मील) की संप्रभु सीमा से बाहर है। अमेरिका ने ऐसा करके न केवल अंतरराष्ट्रीय कानून एवं मानवता की धज्जियां उड़ाई बल्कि भारत को भी नीचा दिखाने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। ऐसे समय श्रीलंका जैसे छोटे देश ने आगे आकर बचाव कार्य में उल्लेखनीय योगदान दिया है। श्री खरे ने कहा कि कहा कि ईरान के विदेश मंत्रालय की प्रतिक्रिया में अमेरिका के द्वारा ईरानी जहाज पर हुए हमले को भारत के मेहमान पर हुआ हमला बताया गया है। जिसे अन्तर्राष्ट्रीय जलमार्ग कानून का सरासर उल्लंघन कहा है। जहाज को बिना किसी चेतावनी हमला कर डुबोया गया। जहाज में युद्ध की कोई सामग्री नहीं होने का दावा भी किया गया है। अंतरराष्ट्रीय कानून कहता है कि युद्ध जैसी स्थिति में भी हमलावर देश के द्वारा घायलों का इलाज कराया जाएगा लेकिन अमेरिका ने ऐसा कुछ नहीं किया। वह तो जहाज डुबोकर ,भाग खड़ा हुआ। अमेरिका का यह कायराना हमला हिंद महासागर क्षेत्र के चौकीदार भारत के लिए बहुत चिंताजनक बात है। मोदी सरकार को किम्-कर्तव्य विमूढ़ स्थिति से बाहर निकलना चाहिए। भारत सरकार के द्वारा इस बात का संज्ञान तत्काल लिया जाना चाहिए। श्री खरे ने कहा कि अमेरिका के द्वारा हिंद महासागर क्षेत्र को युद्ध की लपेट में लेना भारतीय उपमहाद्वीप के लिए बड़ी चुनौती है।

# पीड़ित मानवता की सेवा सबसे बड़ा धर्म है: उप मुख्यमंत्री
## आयुष्मान आरोग्य मंदिर पुर्वा के नवीन भवन का लोकार्पण

**रीवा।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि पीडित मानवता की सेवा सबसे बड़ा धर्म है। पुर्वा ग्राम के आयुष्मान आरोग्य मंदिर में पदस्थ चिकित्सक व स्टाफ पूरी संवेदनशीलता के साथ मरीजों का इलाज करेंगे। इस केन्द्र में विभिन्न प्रकरण की जांच निःशुल्क होंगी और यह आरोग्य मंदिर इस क्षेत्र के ग्रामीणजनों के इलाज में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करेगा। उन्होंने आयुष्मान आरोग्य मंदिर के नवीन भवन का लोकार्पण करने के उपरांत भवन का निरीक्षण किया।



उप मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार के सभी कार्य प्राथमिकता से किये जा रहे हैं। रिक्त पदों की पूर्ति के लिये अभियान चलाया गया है। हमारा प्रयास है कि प्रदेश का स्वास्थ्य सूचकांक सुधारे और शिशु एवं मातृ मृत्युदर में कमी आये। उन्होंने कहा कि चिकित्सकों का स्थान भगवान के बराबर है अतः चिकित्सक भी मरीज को भगवान मानकर उसका इलाज सेवाभाव से अच्छे व्यवहार के साथ करें। उन्होंने स्वास्थ्य अधिकारियों से अपेक्षा की कि वह ग्रामीण क्षेत्रों का लगातार भ्रमण करें इसके सकारात्मक परिणाम आते हैं। श्री शुक्ल ने कहा कि प्रधानमंत्री जी के संकल्प अनुसार निःशुल्क जांच व आयुष्मान कार्ड से निःशुल्क इलाज किया जा रहा है जो मील का पत्थर साबित हो रहा है। उन्होंने सभी से अपने स्वास्थ्य की नियमित जांच कराने की अपेक्षा की क्योंकि समय पर जांच कराकर यदि बीमारी हो तो इलाज हो जाने से उसे गंभीर रोग से बचाया जा सकता है। उप मुख्यमंत्री ने आरोग्य केन्द्र परिसर में वृक्षारोपण भी किया। इस अवसर पर सांसद जनार्दन मिश्र ने कहा कि स्वास्थ्य के क्षेत्र में अनेक चुनौतियाँ हैं। उप मुख्यमंत्री जी का प्रयास है कि इन चुनौतियों को दूर कर प्रदेश को स्वास्थ्य के क्षेत्र में आदर्श प्रदेश बनायें। उन्होंने ग्रामीण जनों से अपेक्षा की कि संसाधन की उपलब्धता के अनुसार सहयोग करते हुए इलाज व जांच करायें। जिला पंचायत अध्यक्ष नीता कोल ने स्वास्थ्य सहित अन्य क्षेत्रीय विकास के लिये उप मुख्यमंत्री जी को साधुवाद दिया। पूर्व विधायक केपी त्रिपाठी ने कहा कि पुर्वा व आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के लिये यह आरोग्य केन्द्र सौगात है। गौमाता के आशिर्वाद से सेमरिया सहित पुर्वा व आसपास का क्षेत्र विकसित हो रहा है। उप मुख्यमंत्री जी के प्रयासों से ही इस क्षेत्र में स्वास्थ्य की सुविधाएँ मिल रही हैं। इससे पूर्व मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. यत्नेश त्रिपाठी ने बताया कि पुर्वा आरोग्य केन्द्र में टीकाकरण, जांच, सामान्य प्रसव के साथ अन्य इलाज की भी सुविधा रहेगी। निर्माण एजेंसी के इंजीनियर एम.एस. खरे ने प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में आभार प्रदर्शन क्षेत्रीय संचालक स्वास्थ्य सेवाएँ डॉ. सत्यभामा अवधिया ने किया। इस दौरान सरपंच सियादुलारी विश्वकर्मा, सुंदरलाल शर्मा, राजेश यादव, डॉ. आरबी चौधरी सहित ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# बस से युवक को उतार कर सरेराह दौड़ा दौड़ा पीटा, बिछिया थाना क्षेत्र अंतर्गत चिरहुला मंदिर के पास की घटना



**रीवा।** शहर के बिछिया थाना क्षेत्र स्थित चिरहुला नाथ हनुमान मंदिर गेट के सामने गुरुवार देर रात असामाजिक तत्वों ने जमकर तांडव मचाया। यहां एक युवक को गौतम ट्रेवल्स बस से जबरन नीचे उतारकर करीब 10 से अधिक लोगों ने सरेराह लात-घूंसों से बेरहमी से पीटा। बताया जा रहा है कि युवक बस से कहीं जा रहा था, तभी कुछ युवकों ने उसे जबरन बस से नीचे उतार लिया और सड़क पर ही घेरकर मारपीट शुरू कर दी। देखते ही देखते मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई, लेकिन बदमाशों के सामने कोई बीच-बचाव करने की हिम्मत नहीं जुटा सका। घटना के दौरान डायल 112 भी मौके पर पहुंच गई थी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार पुलिस वाहन सायरन बजाता रहा, लेकिन बदमाशों पर तुरंत कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। घटना का वीडियो भी सामने आया है, जिसमें कई युवक मिलकर एक युवक को पीटते नजर आ रहे हैं। फिलहाल पुलिस मामले की जानकारी जुटाने और मारपीट करने वाले युवकों की पहचान करने में लगी हुई है। बिछिया पुलिस का कहना है कि वीडियो के आधार पर पुलिस स्वतः संज्ञान ले रही है। अभी पीड़ित पक्ष की तरफ से थाने में कोई लिखित शिकायत नहीं की गई है। मारपीट करने वालों की पहचान करने की कोशिश की जा रही हैं। पीड़ित भी अपनी शिकायत थाने में पहुंचकर दर्ज कराए।

# शहर में अतिक्रमण हटाने की हुई कार्रवाई
## कई प्रमुख मार्गों से ठेले-गुमटी हटाए गए

**रीवा।** नगर निगम आयुक्त डॉ. सौरभ सोनवणे के निर्देश पर शहर में बढ़ते अतिक्रमण के खिलाफ नगर निगम की कार्रवाई लगातार जारी है। इसी क्रम में शुक्रवार को निगम की टीम ने शहर के कई प्रमुख क्षेत्रों में अभियान चलाकर सड़क और फुटपाथ पर किए गए अतिक्रमण को हटाया। कार्रवाई के दौरान व्यापारियों और ठेला संचालकों द्वारा पटरियों एवं सड़कों के किनारे किए गए अवैध कब्जों को हटाकर यातायात व्यवस्था को सुचारु कराया गया।नगर निगम की टीम ने सबसे पहले नए बस स्टैंड के पास सड़क किनारे व्यापारियों द्वारा किए गए अतिक्रमण को हटाया। यहां कई दुकानदारों ने पटरियों और सड़क के हिस्से पर सामान रखकर कब्जा कर लिया था, जिससे राहगीरों और वाहनों की आवाजाही में बाधा उत्पन्न हो रही थी। इसके अलावा सिरमौर चौक से सुभाष तिराहा तक सड़क किनारे किए गए अतिक्रमण को भी हटाया गया। अभियान के दौरान एजी कॉलेज मोड़ तिराहा, खन्ना चौक से जय स्तंभ तक, मानकामेश्वर मंदिर के पास तथा साईं मंदिर के आसपास सड़क किनारे लगे ठेले, गुमटियां और अस्थायी दुकानों को हटाकर मार्ग को साफ कराया गया।



निगम अमले की इस कार्रवाई से कई स्थानों पर लंबे समय से बाधित यातायात व्यवस्था बहाल हो सकी।इस कार्रवाई में अतिक्रमण प्रभारी राजेश चतुर्वेदी, रावेन्द्र शुक्ला, सुखेन्द्र चतुर्वेदी सहित अतिक्रमण सहायक एवं नगर निगम का अमला मौजूद रहा।

# हर बसाहट में पक्की सड़क की सुविधा दें - उप मुख्यमंत्री
## चोरहटा से कपुरी तक बनेगी 6 मीटर चौड़ी सड़क

**रीवा।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क परियोजना के कार्यों की समीक्षा की। प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क परियोजना कार्यालय में आयोजित बैठक में उप मुख्यमंत्री ने कहा कि शासन के मापदण्डों के अनुसार हर बसाहट में पक्की सड़क की सुविधा दें। इसके लिए इस वर्ष की कार्ययोजना में चिन्हित सड़कों को शामिल करें। सड़कें विकास की वाहक होती हैं। गांव और बसाहट तक पक्की सड़क की सुविधा होने से आवागमन सुगम होने के साथ-साथ शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार के अवसरों और आर्थिक विकास के अवसर मिलते हैं। रीवा विकासखण्ड में 28 सड़कें इस वर्ष की कार्ययोजना में प्रस्तावित की गई हैं। इनका डीपीआर तत्काल तैयार कराएं। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से निर्मित सड़कों के रखरखाव और सुधार पर भी ध्यान दें। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि नेशनल हाईवे मुख्य मार्ग से चोरहटा होते हुए कपुरी तक की सड़क का चौड़ीकरण आवश्यक है। जिन किसानों ने सड़क चौड़ीकरण के लिए स्वेच्छा से भूमि उपलब्ध कराई है उन सबका हम अभिनंदन करते हैं। सबके सहयोग से शीघ्र ही सड़क चौड़ीकरण का कार्य शुरू होगा। मुख्य मार्ग से



चोरहटा होते हुए कपुरी तक 6 मीटर चौड़ी सड़क बनाई जाएगी। इससे बड़े वाहनों का आवागमन सुगम होगा। उप मुख्यमंत्री ने स्थानीय जनप्रतिनिधियों और आमजनों से संवाद करते हुए क्षेत्र में विकास की संभावनाओं और समस्याओं पर चर्चा की। उप मुख्यमंत्री ने मौके पर उपस्थित अधीक्षण यंत्री विद्युत मण्डल को चोरहटा में दो नए ट्रांसफार्मर तत्काल स्थापित करने के निर्देश दिए। बैठक में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क परियोजना के प्रभारी महाप्रबंधक उमेश कुमार साहू ने बताया कि शासन द्वारा निर्धारित मापदण्डों के अनुसार पाँच सौ तक की आबादी वाले सभी गांवों को इस वर्ष की कार्ययोजना में शामिल किया जा रहा है। रीवा और मऊगंज जिले में 273.19 किलोमीटर लम्बाई की 139 सड़कें प्रस्तावित की गई हैं। इनमें रीवा विकासखण्ड की 48.77 किलोमीटर लम्बाई की 28 सड़कें शामिल हैं। इनका डीपीआर तैयार किया जा रहा है। मुख्यमंत्री सड़क योजना से सेटेलाइट से चिन्हित जिले की 1320 बसाहटों में सड़क निर्माण प्रस्तावित किया जा रहा है। इनमें रीवा विधानसभा क्षेत्र की 31 बसाहटें शामिल हैं। रीवा और मऊगंज जिलों में कुल 1697.56 किलोमीटर लम्बाई की सड़कें प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से बनाई गई हैं। वर्तमान में 5 सड़कें प्रगतिरत हैं। बैठक में स्थानीय जनप्रतिनिधि राजेन्द्र शुक्ला ने चोरहटा क्षेत्र के सड़क, बिजली, पानी और नाली निर्माण से जुड़ी विभिन्न मांगे रखीं। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नीता कोल, आयुक्त नगर निगम डॉ. सौरभ सोनवणे, एसडीएम हुजूर डॉ. अनुराग तिवारी, तहसीलदार शिवशंकर शुक्ला, पार्षद वार्ड क्रमांक चार दारा सिंह, राजेश पाण्डेय, वित्तीय प्रबंधक सड़क परियोजना अभयराज सिंह, स्थानीय जनप्रतिनिधिगण तथा संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# जिले में अब गर्मी की हो रही एंट्री, सहन करने के लिए हो जाइए तैयार, जलवायु परिवर्तन से नुकसान पर चिंतन की जरूरत

**रीवा।** कुछ घंटे के भीतर ही जिले का मौसमी मिजाज भी काफी कुछ बदल जाएगा। इसके साथ ही गर्मी को पूरी तरह से इंट्री मिल जाएगा लिहाज इसे आप सहने के लिए तैयार हो जाइए। वजह कुछ ही घंटे के भीतर अधिकतम व न्यूनतम औसत तापमान में बड़ी तब्दीली होने जा रही है यानी फरवरी माह में जो अधिकतम व न्यूनतम तापमान था वह मार्च माह में पूरी तरह से बदल जाएगा। आपको बता दें कि मार्च के महीने में सूर्य देव पिछले पांच वर्षों से लगातार तपिश देते आ रहे हैं और औसत से अधिक तापमान वर्ष तथा 2022 में 40.2 डिग्री 2021 में 41.8 डिग्री सेल्सियस सेल्सियस तक पहुंचा चुके हैं। आपको बता दें कि मार्च के महीने का अधिकतम तापमान 33.4 तापमान 15.4 डिग्री सेल्सियस डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम रहता है। बता दे मार्च का महीना एक तरह से ऋतु परिवर्तन की ओर का समय माना गया है। इस माह में तापमान दिन प्रतिदिन बढ़ता जाता है।



सतही हवाएं आमतौर पर हल्की और दिशा में परिवर्तशील होती है। उत्तर भारत से होकर जाने वाली पश्चिमी विक्षोभों के प्रभाव से कभी-कभी आसमान बादलों से घिर जाता है। कभी-कभी हवाएं शांत भी रहती है। इतना ही नहीं इस माह में दोपहर के बाद तेज हवा झोंके के साथ चलने की संभावना रहती है। मार्च माह में आर्द्रता 35 से 55 प्रतिशत के बीच रहने की उम्मीद है।फरवरी के बाद मार्च के उबलने की संभावनापिछले एक दशक पीछे के तापमान में नजर डाली जाए तो जिले में लगातार गर्मी के तेवर नजर आ रहे हैं। अधिकतम व न्यूनतम तापमान में बढ़ोत्तरी चिंताजनक है। फरवरी के महीने में बारिश के बाद नमी में बदलाव आया और तेजी के साथ अधिकतम पारा ऊंचाई पर जाना शुरू हो गया। यह सिलसिला आगे भी बरकरार रहने की संभावना जताई जा रही है। गौर करने वाली बात यह है कि फरवरी माह के अंतिम दिन सेल्सियस तथा अधिकतम न्यूनतम तापमान 15.0 डिग्री तापमान उछलकर 32.8 डिग्री सेल्सियस तक जा पहुंचा है। मार्च माह में अधिकतम व न्यूनतम तापमान के औसत के आसपास होने की आशंका यह साफ जाहिर कर रही है कि आने वाले दिन आसान नहीं रहेंगे। साथ ही हमें ग्लोबल वार्मिंग को लेकर भी सजग व सचेत होना पड़ेगा।

# गुढ़ क्षेत्र में हाथियों का उत्पात, मड़ई गिराई, महिला घायल, फसलों को पहुंचाया नुकसान

**बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व से निकला रेडियो कॉलर हाथियों का जोड़ा तमरा पहाड़ पहुंचा, ग्रामीणों में दहशत; वन विभाग कर रहा निगरानी**

**रीवा।** जिले के गुढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत तमरा पहाड़ इलाके में बीती रात रेडियो कॉलर लगे हाथियों के एक जोड़े के पहुंचने से ग्रामीणों में दहशत का माहौल बन गया। हाथियों ने खेतों में खड़ी फसलों को नुकसान पहुंचाने के साथ ही एक मड़ई को भी गिरा दिया तथा एक महिला को मामूली रूप से घायल कर दिया। जानकारी के अनुसार, यह हाथियों का जोड़ा बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व से निकलकर आबादी वाले क्षेत्र में पहुंचा है। बताया जा रहा है कि हाथी पहले सीधी जिले से होते हुए मऊगंज पहुंचे और वहां से आगे बढ़ते हुए रीवा जिले के गुढ़ तहसील के तमरा पहाड़ क्षेत्र में दिखाई दिए। तमरा गांव के पूर्व सरपंच हरिनाथ सिंह ने बताया कि बीती रात करीब 1:30 बजे हाथियों का जोड़ा उनके भाई विश्वनाथ सिंह के खेतों के पास पहुंचा। इस दौरान हाथियों ने पत्थरों से बनी खाखरी (मेढ़) को गिरा दिया और खेतों में लगी फसलों को रौंदते हुए आगे बढ़ गए। इसके बाद हाथी रामपाल के खेत के पास बनी मड़ई तक पहुंच गए। हाथियों की आहट मिलते ही रामपाल किसी तरह अपनी जान बचाकर वहां से भाग निकले, लेकिन हाथियों ने उनकी मड़ई को पूरी तरह गिरा दिया। इस दौरान हाथियों ने अमरनाथ लोनिया की पत्नी को भी हल्का घायल कर दिया, जिसे स्थानीय स्तर पर उपचार दिया गया। पूर्व सरपंच हरिनाथ सिंह ने बताया कि हाथियों के तमरा पहाड़ क्षेत्र में पहुंचने की सूचना तुरंत क्षेत्रीय पटवारी को दी गई। पटवारी द्वारा इसकी जानकारी वन विभाग के डिप्टी रेंजर को दी गई है, जिसके बाद वन विभाग की टीम हाथियों की लोकेशन पर नजर बनाए हुए है। ग्रामीणों के अनुसार फिलहाल हाथियों का जोड़ा क्षेत्र में दिखाई नहीं दे रहा है, लेकिन उनके अचानक पहुंचने से गांवों में भय का माहौल बना हुआ है। आशंका जताई जा रही है कि हाथियों का यह जोड़ा जंगल के रास्ते वापस सीधी जिले की ओर चला गया है। वन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि हाथियों की गतिविधियों पर लगातार निगरानी रखी जा रही है और आसपास के ग्रामीणों को सतर्क रहने की सलाह दी गई है। साथ ही लोगों से अपील की गई है कि हाथियों के नजदीक जाने या उन्हें उकसाने की कोशिश न करें।

### प्रशासनिक इकाई पुनर्गठन आयोग की बैठक 12 मार्च को

**रीवा।** मध्यप्रदेश प्रशासनिक पुनर्गठन आयोग भोपाल की अध्यक्षता में संभागीय बैठक 12 मार्च को आयोजित की जाएगी। बैठक कमिश्नर कार्यालय सभागार में दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक होगी। बैठक में आईजी, डीआईजी, संभाग के सभी जिलों के कलेक्टर, एसपी और संभागीय अधिकारियों से उपस्थिति का अनुरोध किया गया है।

# उप मुख्यमंत्री ने क्रिकेट खिलाड़ियों का किया उत्साहवर्धन



**रीवा।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने ग्राम पंचायत पुर्वा में स्वं. लालमणि विश्वकर्मा स्मृति क्रिकेट टूर्नामेंट में सहभागिता कर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि खेल को खेल भावना से खेले। जीतने वाली टीम बधाई की पात्र है और जो नहीं जीत सके वह जीतने का पूरा प्रयास करें। श्री शुक्ल ने खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरित किये।

# बरहटा में पुरानी परंपरा से बनाई गई होली

**मऊगंज।** जिले की ग्राम पंचायत बरहटा में आज भी पुराने परंपरा के अनुसार होली एक साथ मनाई जाती है सर्वप्रथम कुलदेवी फूलमती माता के दरबार में गांव के सभी वर्ग के लोग एकत्रित होते हैं और वहीं पर सामूहिक फाग होती है और एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की बधाई एवं शुभकामनाएं इसके बाद सभी लोग एकत्र होकर सभी लोगो के घर में जाकर एक दूसरे से गले मिलकर एवं अबीर गुलाल लगाकर लोग होली की बधाई एवं शुभकामनाएं भेंट की गई दूसरे दिन दोपहर को पूरी टोली राघव कुटीर बरहटा पहुंची और वहीं पर समापन सभी उपस्थित जनों का जलपान हुआ अबीर गुलाल लगाया गया और इसके बाद



ददू ताम्रकार द्वारा फाग का गायन किया गया तत्पश्चात गांव के वरिष्ठ नागरिक राम सहाय मिश्रा द्वारा कहा गया कि यह पूर्वजों से जो परंपरा चली आ रही है आज हमारे गांव में जीवंत है मुझे देखकर अत्यंत खुशी हो रही है कि आज के समय में भी सैकड़ो लोग एक साथ घर-घर जाकर लोग होली की बधाई देते हैं हम चाहते हैं कि यह परंपरा भविष्य में भी कायम रहे और युवा पीढ़ी और इसमें बढ़-चढ़कर हिस्सा ले हमारे गांव को लोग दूसरी जगह भी उदाहरण देते हैं कि उस गांव के लोग बड़े अच्छे हैं और वहां पर बहुत बड़ी एकता है वहां पर जब कोई त्यौहार मनाया जाता है उसमें राजनीति या आपसी मनमुटाव देखने को नहीं मिलता टोली में प्रमुख रूप से बुद्ध सेन पटेल समाजसेवी संतोष कुमार मिश्र बरहटा संजय कुमार मिश्र अवधेश चतुर्वेदी मनोज चतुर्वेदी आशुतोष चतुर्वेदी मृत्युंजय चतुर्वेदी मानेश्वर चतुर्वेदी पुष्पेंद्र चतुर्वेदी बद्रीनारायण चतुर्वेदी मुकेश चतुर्वेदी सुरेश चतुर्वेदी अनिल कुमार मिश्र लक्ष्मी सिंह परिहार ज्ञानेंद्र सिंह इंद्र बहादुर सिंह सतीश शुक्ला शैलेंद्र शुक्ला संतोष शुक्ला राम सजीवन पटेल बाबूलाल पटेल शंभू पटेल विजय प्रकाश मिश्रा मनोकामना शुक्ला नितिन मिश्रा दिव्यांशू मिश्रा देवांश मिश्रा राम किशोर विश्वकर्मा रणबहादुर सिंह दिलीप मिश्रा अनिल कुमार मिश्रा रमाशंकर शुक्ल राम सजीवन तिवारी एपी सिंह मोतीलाल पटेल पन्नालाल पटेल राधिका पटेल मनबोध यादव सहित सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

# अधिक्षिका द्वारा की गयी 89 लाख रूपये से अधिक की आर्थिक अनियमितता

## कलेक्टर द्वारा नियुक्त जांच दल ने आर्थिक अनियमितता का दोषी पाया

**मऊगंज।** शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मऊगंज में तत्कालीन अधिक्षिका श्रीमती शकुंतला नीरत को छात्रावास में की गयी अनियमितताओं के आरोप में गत 22 जनवरी को निलंबित कर दिया गया था। कलेक्टर संजय कुमार जैन के निर्देश पर अनियमितता की जांच के लिए पांच सदस्यीय दल गठित किया गया था। संयुक्त जांच दल द्वारा जांच पूर्ण कर प्रतिवेदन



प्रस्तुत किया गया जिसमें निलंबित अधिक्षिका के विरूद्ध 89 लाख 61 हजार 607 रूपये की आर्थिक अनियमितता पायी गयी। भण्डार क्रय सामग्रियों के क्रय हेतु निविदा प्रक्रिया न अपनाये जाने के कारण पर्याप्त प्रतियोगी दरें सामग्री क्रय हेतु प्राप्त नहीं होने से शासकीय धन की हानि हुई। जांच दल के प्रतिवेदन पर प्रभारी अधिकारी द्वारा छात्रावास अधिक्षिका के विरूद्ध विभागीय जांच संस्थित कर आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ को विधिसंगत कार्यवाही करने हेतु लेख किया गया है।